## खबर संक्षेप

### व्यापारी के घर से लाखों के जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत की बतरा कॉलोनी निवासी रेखा के घर से चोरों ने अलमारी के ताले तोड़ कर लाखों रुपये कीमत के सोने व चांदी से बने गहने चोरी कर लिए। घटना के समय रेखा घर पर नहीं थी। घर के पास ही वे कपड़े की दुकान चलाती है। रेखा ने बताया कि चोर उनके घर से सोने की एक चेन, दो जेंट्स व एक लेडीज अंगूठी, एक सोने का टीका, चांदी की दो जोड़ी पाजेब, एक चांदी का सेट, दो चांदी के सिक्के, एक चांदी की चेन, दो हथफूल, चांदी के कंडुले, दो अंगूठी और पांच जोड़ी चुटकी चोरी कर लिए। इधर, रेखा की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कट्टे व कारतूस के साथ एक युवक पकड़ा

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने स्काईलार्क के नजदीक गंदा नाला के पास से ठाकुर सहगल पुत्र हरीश निवासी भगत नगर, तहसील कैंप पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं थानेदार राकेश ने बताया कि आरोपी ठाकुर सहगल के खिलाफ थाना तहसील कैंप में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। जबकि कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### पुलिस टीम ने शराब तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस की टीम ने गांव दीवाना रोड पर दुकान के बाहर अवैध शराब बेच रहे सिलेवान पुत्र हिकमत निवासी शिव चौक राज नगर को गिरफ्तार किया है। वहीं, औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 के थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी से बरामद खराब की खेप को केस की जांच के लिए जब्त कर लिया। जबकि आरोपी सिलेवान पर एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज

**पानीपत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हर वर्ष की भांति रविवार को को 'माई इंडिया माई वोट' थीम पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला सचिवालय के सभागार में होगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य लोकतंत्र की मजबूती, मतदाता जागरूकता और हर नागरिक की भागीदारी का उत्सव है।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**पानीपत।** चौधरी देवी लाल मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चौथे दिन शनिवार को स्वयं सेविकाओं ने गांव सिवाह में प्रभात फेरी निकाल कर ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। वहीं, छात्राओं ने योग किया। इस अवसर पर वाईआरसी की हेड प्रोफेसर किरण, रैड रीबन सोसाइटी से अंजू ने स्वयं सेविकाओं को एचआईवी व एड्स के विरूद्ध जागरूक किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना हेड प्रोफेसर पूनम आदि उपस्थित रही।

### विशेष प्रशिक्षण कैंप का किया आयोजन

**पानीपत।** पानीपत के गांव थिराना स्थित ब्रह्माकुमारीज ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ी बहनों एवं भाइयों को मोटिवेशनल स्पीच देने की कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रिगेडियर बिजेंद्र सिंह जमवाल, बीके सुभाष सारंगी, बीके भारत भूषण एवं डॉ.जयश्री ने किया।

### सामाजिक समरस्ता व सद्भावना का संदेश दिया

**पानीपत।** भाजपा कार्यालय श्याम कमल में अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा। संत रविदास, सामाजिक समरस्ता व सद्भावना का संदेश देते है। जिस में पानीपत के नागरिकों को बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

### भारतीय संस्कृति का सांस्कृतिक सूत्र है सरस्वती नदी : डॉ. अरोड़ा

# एसडी कॉलेज का राहुल सरस्वती महोत्सव क्विज में रहा प्रथम

**क्विज में प्रथम आए राहुल को पंद्रह हजार की नगदी, मुमेंटो, सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया**



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा से आशीर्वाद देते हुए छात्र राहुल। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के बीएससी के छात्र राहुल ने पेहोवा तीर्थ पर आयोजित राज्य स्तरीय सरस्वती महोत्सव क्विज में पहला स्थान पाकर कॉलेज और पानीपत जिले का नाम रोशन किया। सरस्वती क्विज का आयोजन डीजीएचई हरियाणा सरकार द्वारा किया गया। वहीं, क्विज में प्रथम आए राहुल को पंद्रह हजार की नगदी, मुमेंटो, सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इधर, राहुल का कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और अन्य प्राध्यापकों ने स्वागत किया। जबकि राहुल की मार्गदर्शक प्रो अन्नू आहूजा व डॉ. मोनिका खुराना को विशेष रूप से बधाई दी। दूसरी ओर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा में सरस्वती नदी को पुनः प्रवाहित करने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। वहीं, नदी के निरंतर प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा सरकार ने हिमाचल सरकार के साथ ऐतिहासिक समझौता भी किया है। सरस्वती हेरिटेज प्रोजेक्ट अतीत, वर्तमान और भविष्य के लिए एक स्थिर विकास का मिशन है और इससे जुड़े प्रमुख तीर्थ स्थलों को 'सरस्वती तीर्थ' के रूप में विकसित करना ही सरकार का लक्ष्य है।

### प्राचीन सरस्वती-सिंधु सभ्यता आर्यावर्त का केंद्र थी

सरस्वती नदी, श्री सनातन धर्म में ज्ञान, पवित्रता और विद्या की देवी के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्मरणीय है कि ऋग्वेद में इसे नदीतमा यानि नदियों में श्रेष्ठ कहा गया है जो वेदों की रचना की प्रमुख स्थल थी। यह विवर्तनिक परिवर्तनों के कारण विलुप्त मानी जाती है लेकिन अब भी प्रयागराज (त्रिवेणी संगम) में गंगा-यमुना के साथ गुप्त रूप से प्रवाहित मानी जाती है जो आध्यात्मिक पवित्रता व पुनरुत्थान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरस्वती को केवल नदी नहीं, बल्कि बुद्धि और विद्या की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। मान्यता है कि वेदों की अधिकांश ऋचाओं की रचना सरस्वती नदी के तट पर हुई थी। यह नदी प्राचीन सरस्वती-सिंधु सभ्यता आर्यावर्त का केंद्र थी। मनुस्मृति में सरस्वती और द्रिषद्वती नदियों के बीच की भूमि को ब्रह्मवर्त कहा गया है। सरस्वती नदी भारतीय संस्कृति का सांस्कृतिक सूत्र है।

### मजबूत लोकतंत्र का आधार है जागरूक मतदाता : वीरेंद्र

# आर्य कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया, युवाओं को किया जागरूक



पानीपत। आर्य कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाते हुए शिक्षक व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- मतदाता जागरूकता से भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और सुशासन को बढ़ावा मिलता है

आर्य पीजी कॉलेज एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राजनीतिक विज्ञान के विभाग के अमित सिंगरोहा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे भारत में 25 जनवरी को सन 2011 से मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष और विवेकपूर्ण ढंग से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। वोट एक ऐसा सशक्त हथियार है, जिसके माध्यम से हम देश के बेहतर भविष्य के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। जबकि कॉलेज की प्रबंधन समिति के उप-प्रधान वीरेंद्र शिंगला ने अपने सम्बोधन में कहा कि मतदाता जागरूकता से भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और सुशासन को बढ़ावा मिलता है। वहीं, लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जबकि प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का विकास होता है तथा ऐसे कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य भी है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र सशक्त बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे स्वयं मतदान करें और अपने परिवार व समाज को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर आस्था गुप्ता, डॉ. मनीषा दुडेजा, पंकज चौधरी समेत बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### डीईओ ने निरीक्षण किया

**पानीपत।** पानीपत जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने डा.एम के के स्कूल में बनाई जा रही शिक्षा विभाग की झांकी का निरीक्षण किया। वहीं, इस बार झांकी का विषय हरियाली है। प्राकृतिक संतुलन और पर्यावरण में आक्सीजन के लिए हरियाली विशेष महत्व रखती है। इस अवसर पर डीईईओ सुभाष भारद्वाज, जिला नोडल अधिकारी संदीप रत्तेवाल, संदीप, डॉ.सुधीर शर्मा, सविता नरवाल, वेद प्रकाश, उषा, महावीर, अनिल,नरेश, वीना गोयल, योगिता दहिया, यशपाल शर्मा, जयदीप व महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को न्योता दिया

**समालखा।** केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर सुदेश कटारिया ने विभिन्न गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों को 31 जनवरी को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र के उमरी गांव में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह में भारी संख्या में पहुंचने का न्योता दिया।

# कबीरपंथियों का आस्था का तीर्थ है दामाखेड़ा : डॉ. पंवार

- कबीरपंथ के 16वें नये पंथाचार्य पूज्य पंथ श्री हुजूर उदितमुनि नाम साहेब जी को विधिवत रूप से गद्दी पर विराजमान किया



पानीपत। पूजन को दामाखेड पहुंचे डॉ.ओमवीर पंवार आदि श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

कबीरपंथियों के पवित्र तीर्थस्थल कबीर धर्मनगर, दामाखेड़ा में बसंत पंचमी पर संत श्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहेब जी के सान्निध्य में भव्य चादर तिलक समारोह का आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कबीरपंथ में अटूट आस्था रखने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता व श्री सदगुरू कबीर जनसेवा समिति के उपाध्यक्ष हरियाणा पानीपत से पधारे डॉ.ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर देश विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से यह स्पष्ट होता है कि आज भी सदगुरु कबीर साहेब जी के प्रति समाज की आस्था अडिग है तथा उनके अनुयायी सत्य, प्रेम और मानवता के मार्ग पर अग्रसर हैं। डॉ.पवार ने कहा कि समारोह के दौरान देशभर से पधारे साधु-संतों व महंतों की उपस्थिति में कबीरपंथ के 16वें नये पंथाचार्य पूज्य पंथ श्री हुजूर उदितमुनि नाम साहेब जी को विधिवत रूप से गद्दी पर विराजमान किया गया।

# युवा शक्ति से भारत बनेगा आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र

- पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का विधायक प्रमोद विज आदि ने स्वागत किया



पानीपत। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को स्मृति चिंह भेंट करते हुए मंत्री केएल पंवार, विधायक प्रमोद विज आदि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा प्रवास पर पानीपत शहरी विधायक कार्यालय पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर का पानीपत पहुंचने पर विधायक प्रमोद विज और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, विधायक प्रमोद विज के सुपुत्र राहुल विज, युवा मोर्चा प्रदेश सचिव राहुल राणा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित पंडित की अगुवाई में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पानीपत रेलवे स्टेशन परिसर में अनुराग ठाकुर का भारत माता के जयघोष के साथ स्वागत किया। इधर, मंत्री कृष्ण लाल पंवार, विधायक प्रमोद विज एवं मेयर कोमल सैनी के साथ पानीपत शहरी विधानसभा कार्यकर्ताओं ने सांसद ठाकुर का स्वागत किया एवं उनके विचारों को सुना। वहीं, ठाकुर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत ही हम सभी एकमात्र उद्देश्य होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का युवा निरंतर देश का नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने हरियाणा में चल रहे विकास कार्यों की सरहाना की। इधर, सांसद ठाकुर को विधायक विज ने हरियाणवी संस्कृति का प्रतीक हुक्का भेंट किया।

# राजकीय प्राथमिक पाठशाला अमरगढ़ मझाड़ा में मैथ गार्डन का भव्य उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल गतिविधियों का किया आयोजन



राजकीय प्राथमिक पाठशाला अमरगढ़ मझाड़ा में मैथ गार्डन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। ब्लॉक समिति के प्रधान विक्रम सिंह चीमा ने मैथ गार्डन का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। विद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियां तथा गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ भी की गईं। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, ग्रामीणजन, अन्य विद्यालयों से आए शिक्षकगण ने बढ़-चढकर सहभागिता निभाई। इस कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक एवं उत्साहपूर्ण रहा, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विक्रम सिंह चीमा, सीएमजीजीए मुस्कान यादव व डाइट जसविंदर सिंह ने सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमजीजीए मुस्कान यादव, डाइट इंचार्ज डॉ. जसविंदर, मैथ स्पेशलिस्ट सुषमा, एफएलएन जिला समन्वयक महावीर आत्रेय, भारत स्काउट एंड गाइड जिला समन्वयक अमित कौशिक, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान राजेंद्र टंडन आदि मौजूद रहे।

सरपंच अजय कुमार, समाजसेवी जगदीश, राजेश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### वंदे मातरम गायन के 200 विशिष्ट अतिथियों में आचार्य अमित का चयन

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र के वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ आचार्य अमित कुमार का भारत सरकार रक्षा मंत्रालय द्वारा वंदे मातरम गायन की वीडियो रिकॉर्डिंग प्रतियोगिता के आधार पर देशभर से चयनित 200 प्रतिभागियों की सूची में चयन हुआ है। इस चयन के आधार पर अमित कुमार को 26 जनवरी 2026 को कर्तव्य पथ पर आयोजित 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह एवं परेड में रक्षा मंत्रालय द्वारा विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण प्राप्त हुआ है।

# पानीपत में भव्य होगा गणतंत्र दिवस समारोह, मंत्री पंवार ध्वजारोहण करेंगे

- डीसी ने शहीदों को नमन कर गणतंत्र दिवस फाइनल रिहर्सल जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। रिहर्सल में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करते हुए अधिकारीगण।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने शनिवार को शिवाजी स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के अंतिम पूर्वाअभ्यास में ध्वजारोहण किया और गणतंत्र दिवस फाइनल रिहर्सल कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इससे पूर्व में उन्होंने जिला सचिवालय स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। वहीं, फाइनल रिहर्सल में निरीक्षण के बाद डीसी डॉ. दहिया ने कहा कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह भव्य रूप से मनाया जाएगा।

वहीं कार्यक्रम में मुख्यातिथि विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, पानीपत एसडीएम मनदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### इंडिया इंडिया-ए केसरी दिव्यांग टी-20 क्रिकेट कप टूर्नामेंट का शुभारंभ

# इंसान को संघर्षशील बनाता है खेल, खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

*इस प्रकार के खेल आयोजन सामाजिक समरसता, समान अवसर और समावेशी सोच को मजबूत करते है*



पानीपत। केसरी दिव्यांग टी-20 टूर्नामेंट के आयोजक विनय नीतीसैन भाटिया को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**



पानीपत। टूर्नामेंट में भाग लेते हुए क्रिकेट खिलाड़ी। **फोटो : हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य क्रिकेट एकेडमी, पानीपत में इंडिया/ इंडिया-ए केसरी दिव्यांग टी-20 क्रिकेट कप का आयोजन हुआ। वहीं टूर्नामेंट में दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के बल पर हर चुनौती को पार किया जा सकता है। इस आयोजन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया के सुपुत्र एडवोकेट विनय नीतीसैन भाटिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खेल इंसान को संघर्षशील बनाता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों की खेल भावना समाज को यह संदेश देती है कि प्रतिभा किसी शारीरिक सीमा की मोहताज नहीं होती। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों के आत्मसम्मान को बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन सामाजिक समरसता, समान अवसर और समावेशी सोच को मजबूत करते हैं। उन्होंने आर्य क्रिकेट एकेडमी के संचालक विक्रम नेहरा के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी दिव्यांग खिलाड़ियों के हित में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### विक्टर स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया

**पानीपत।** विक्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस का आयोजन देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मोनिका, वेदम, सेजल, तन्वी, विवान, मार्या, यक्षिता, पर्व, आरव, ध्रुव, पुलकित, भाविका, राधिका, प्रियंशी, अंबिका, वेदांशी, श्रृष्टि, मान्या, विक्रम गांधी, प्रधानाचार्या प्रियंका बठला ने देशभक्ति के गीत गाए।

### गणतंत्र दिवस का जश्न

**पानीपत।** पानीपत के गांव सौंदापुर स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहीं, स्कूल के चेयरमैन वीरेंद्र सैनी एवं प्रिंसिपल ललिता शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर शिक्षिका पिंकी के मार्गदर्शन में अपनी स्पेशल एसेम्बली में देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से देश की स्वतंत्रता और संस्कृति का प्रदर्शन किया।

